सत्र 2016-17

कक्षा छठी

विषय- हिन्दी

कुल समय: 2½ घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक :60

<u>सामान्य निर्देश</u> :-

1. इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग, घ |
2. चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
3. प्रश्न-पत्र के उत्तर क्रमानुसार लिखने का प्रयत्न करें |

खण्ड 'क' (अपठित बोध)

प्र॰1 निम्नलिखित गदयांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-　　　　　　1x5=5

संत कबीर ने ठीक ही कहा था "काल करे सो आज कर, आज करे सो अब" क्योंकि समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। जो व्यक्ति आज का काम आज न करके बाद के लिये टाल देता है, वह बाद में पछताता ही रह जाता है। बुद्धिमान व्यक्ति समय का मूल्य जानते हैं। वे अपने सभी कार्य समय पर करते हैं और सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ते जाते हैं। आलसी और मूर्ख व्यक्ति कल की प्रतीक्षा करते रहते हैं पर उनका कल कभी नहीं आता। समय मुट्ठी में बन्द रेत की तरह होता है, जिसे जितना पकड़ो उतना ही हाथ से फिसला चला जाता है। समय की परवाह न करने वाले विद्यार्थी भी बाद में पछताते हैं। अतः समय का सदुपयोग करना चाहिये।

(i) समय किसकी प्रतीक्षा करता है-

(क) व्यक्ति की　　　(ख) अवसर की

(ख) छात्रों की　　　(घ) किसी की नहीं

(ii) कल की प्रतीक्षा कौन करते हैं-

(क) आलसी　　　(ख) मूर्ख

(ग) उपरोक्त दोनों　　　(घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) "मूर्ख" शब्द का विलोम लिखें-

(क) साहसी　　　(ख) बलवान

(ग) बुद्धिमान　　　(घ) आलसी

(iv) समय की परवाह न करने वाले बाद में ---------- हैं।

(क) खुश रहते　　　(ख) पछताते

(ग) प्रतीक्षा करते (घ) सीढ़ियाँ चढ़ते

(v) समय का .... करना चाहिए |

क) सदुपयोग (ख) दुरूपयोग

(ग) इंतज़ार (घ) कुछ नहीं

प्र.2 निम्नलिखित पदयांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- 1x5=5

झम-झम, झम-झम मेघ बरसते हैं सावन क
छम-छम-छम गिरती बून्दे तरुओं से छन के
चम-चम बिजली चमक रही रे डर में छन के
थम-थम दिन के अन्धकार में सपने जगते मन के
पंखों से रे फैले- फैले ताड़ों के दल
लम्बी-लम्बी उँगलियाँ हैं चौड़े करतल।

(i) झम-झम क्या बरसते हैं-

(क) फूल (ख) कांटे

(ग) मेघ (घ) बिजली

(ii). पानी की बून्दें कहां से छन कर गिर रही हैं-

(क) आकाश से (ख) पहाड़ से

(ग) तरुओं से (घ) नदी से

(iii) मेघ कब बरसते हैं-

(क) बसंत में (ख) पतझड़ में

(ग) सावन में (घ) शरद

(iv) अन्धकार' का विलोम लिखो-

(क) प्रकाश (ख) तम

(ग) गर्मी (घ) सूर्य

(v) ताड़ों के दल कैसे फैले हुए हैं ?

(क) पेड़ों से (ख) पंखों से

(ग) बिजली से (घ) मेघों से

खण्ड 'ख'(रचनात्मक-लेखन)

प्र.3 किसी **एक विषय** पर 100 से 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए | 5

स्वतन्त्रता दिवस, मेरा प्रिय त्योहार, विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

प्र.4 अपने मित्र को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई-पत्र लिखिए | 5

अथवा

अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवश्यक कार्य हेतु दो दिन के लिए अवकाश प्रार्थना पत्र लिखिए ।

खंड-ग (व्याकरण अनुभाग)

प्रश्न-5 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-

(i) निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए- 1x10=10

(क) राजा (ख) नौकर

(ii) वाक्य बनाकर अर्थ स्पष्ट कीजिए-

(क) में (ख) मैं

(iii) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -

(क) पाप (ख) सुख

(iv) दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

(क) धरती (ख) माँ

(v) 'लोक' शब्द में कुछ जोड़ कर एक शब्द बनाएँ और उसका वाक्य में प्रयोग करें |

(vi) उपयुक्त शब्द (मैं, में, मेरा) से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

मेरा घर उत्तर प्रदेश .... है | .... हिमाचल प्रदेश का निवासी हूँ |

(vii) 'ईला' प्रत्यय जोड़ कर शब्द बनाइए-

(क) नोक (ख) ज़हर

(viii) शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-

(क) पूस्तक (ख) चमकिला

(ix) नीचे दी गई संज्ञायें किन क्रियाओं से बनी हैं-

(क) पढ़ाई (ख) बुनाई

(x)) निम्नलिखित शब्दों की भाववाचक संज्ञा लिखिए -

(क) बूढ़ा (ख) मीठा

खण्ड 'घ'(पठित-बोध)

प्रश्न 6- निम्नलिखित गद्यॉश को पढकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर छॉट कर लिखो- 1X5=5

मैं भोजपत्र के पेड़ की चिकनी छाल को स्पर्श से पहचान लेती हूं। वसन्त ऋतु के दौरान मैं टहनियों में नई कलियां खोजती हूँ। मुझे फूलों के पत्तों की मखमली सतह छूने में आनन्द मिलता है। इस दौरान प्राकृतिक जादू का एहसास होता है। कभी, जब मैं खुशनसीब होती हूँ तो टहनी पर हाथ रखते ही किसी पंछी के मधुर स्वर कानों में गूंजने लगते हैं।

(i) इस पाठ की लेखिका का क्या नाम है?

(क) सुमित्रानंदन पन्त (ख) हेलन केलर
(ग) लक्ष्मी बाई (घ) मनोरमा

(ii) लेखिका स्पर्श से किसे पहचान लेती है-
(क) पेड़ को (ख) भोजपत्र को
(ग) पेड़ की चिकनी छाल को (घ) पत्तों को

(iii) गद्यांश में किस ऋतु का वर्णन है-
(क) वसन्त (ख) वर्षा
(ग) गर्मी (घ) पतझड़

(iv) वह चीजों को छूकर ही क्यों आनन्दित होती थी? क्योंकि वह-
(क) अन्धी थी (ख) बहरी थी
(ग) पागल थी (घ) अपंग थी

(v) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?
क) जो देखकर भी नहीं देखते ख) नौकर
ग) झाँसी की रानी घ) इनमे से कोई नहीं

प्र0 7 निम्नलिखित पद्यॉश को पढकर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर छॉट कर लिखो

मैं सबसे छोटी होऊँ
तेरी गोदी में सोऊँ
तेरा अँचल पकड़ पकड़कर
फिरूँ सदा माँ ! तेरे साथ
कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ
बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती है मात!
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन रात !

(i) कविता में बच्ची क्या बनी रहना चाहती है- 1x5=5
(क) शरारती (ख) नटखट
(ग) छोटी (घ) दोस्त

(ii) बच्ची किसके साथ घूमना चाहती है-
(क) मां (ख) पिता
(ग) भाई (घ) बहन

(iii) 'मात' शब्द का अर्थ इनमें से कौन-सा है-
(क) दादी (ख) बहन

(ग) माता (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) बच्ची के साथ कौन छल करता है -

क)- माँ ख)- पिता ग)-कवि घ)- मित्र

(v) - 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता के कवि निम्मलिखित में से कौन है-

(क) सुमित्रानंदन पंत (ख) भगवतशरण उपाध्याय

(ग) सुभद्रा कुमारी चौहान (घ) कृष्णा सोबती

प्र.8 निम्नलिखित में से किन्ही **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2X5=10

क. लाखों - करोड़ो वर्ष पहले हमारी धरती कैसी थी ?

ख. आश्रम में कालेज के छात्रों से गान्धी जी ने कौनसा कार्य करवाया और क्यों?

ग. लेखक ने प्रकृति के अक्षर किसे कहा है?

घ. हेलन केलर प्रकृति की किन चीजों को छूकर और सुनकर पहचान लेती थी?

ङ. नगर से दो पग चलने के बाद सीता की क्या दशा हुई ?

च. बाँस को बूढ़ा कब कहा जा सकता है ? बूढ़े बास में कौन सी विशेषता होती है जो युवा बाँस में नहीं होती ?

मूल्य परक प्रश्न

9. गाँधी जी इतना पैदल क्यों चलते थे ? पैदल चलने के क्या-क्या लाभ हैं ? अपने शब्दों में लिखिए| 4

सुभद्रा कुमारी चौहान लक्ष्मीबाई को 'मर्दानी' क्यों कहती हैं ?

प्रश्न-10 किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर पूरक पाठ्य पुस्तक बाल राम कथा के आधार पर दीजिए- 2x3=6

क. मारीच कौन था? उसने किसका भेष बनाया ?

ख. सीता कौन थी ? रावण ने सीता को कहाँ रखा ?

ग. विभीषण ने रावण को क्या सलाह दी?

घ. शबरी कौन थी? उसे किसकी प्रतीक्षा थी ?

ङ. बालि का वध किस प्रकार हुआ ?